पंजाब केसरी 09/04/2025

जी.एम.एन. कॉलेज में रोजगार मेला आज

अम्बाला, 8 अप्रैल (बलराम): गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज द्वारा स्वावलंबी भारत अभियान के सहयोग से एक विशाल रोजगार मेला-2025 का आयोजन आगामी 9 अप्रैल, बुधवार को सुबह 10 बजे से कॉलेज के मैनेजमैंट एंड टैक्नोलॉजी ब्लॉक में किया जाएगा। इस ड्राइव का आयोजन कॉलेज प्राचार्य डा. रोहित दत्त के दिशा-निर्देशन में किया जा रहा है। यह आयोजन एक रोजगार मेले के रूप में होगा, जिसमें राज्य भर के अनेक कॉलेजों और विश्वविद्यालयों के छात्र भाग ले सकेंगे।

जानकारी देते कॉलेज के प्राचार्य डा. रोहित दत्त। (देवदत्त)

कॉलेज के प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने जानकारी देते हुए बताया कि इस मेले में देश की अनेक प्रतिष्ठित कम्पनियां भाग ले रही हैं।

डा. दत्त ने बताया कि यह मेला कॉलेज के 2023-24 और 2024-25 बैच के स्नातक और स्नातकोत्तर छात्रों के लिए सुनहरा अवसर है। खास बात यह है कि यह मेला केवल जी.एम.एन. कॉलेज के छात्रों के लिए ही नहीं, बल्कि राज्य और देश के किसी भी कॉलेज या विश्वविद्यालय के छात्र इसमें बिना किसी शुल्क के भाग ले सकते हैं।

उन्होंने यह भी बताया कि जी.एम.एन. कॉलेज हमेशा से विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ-साथ रोजगार के बेहतर अवसर प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध रहा है।